हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

11 अटेली रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं की कमी को...



12 कर्मचारियों से मारपीट मोबाइल व सरकारी...



शहर से लेकर गांवों तक रही पर्व की धूम, बाजारों में करवा कपड़ों, आभूषणों और श्रृंगार सामग्री की जमकर हुई खरीदारी

करवाचौथ पर सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत, छलनी से किया चांद का दीदार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक करवा चौथ पर्व वीरवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना को लेकर दिनभर निर्जला व्रत रखा। शाम को महिलाओं ने सज-धजकर विधि-विधान से भगवान गणेश और करवा माता की पूजा-अर्चना की तथा व्रत की कथा सुनीं।

पर्व को लेकर सुबह से ही महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर महिलाओं ने समूह बनाकर करवाचौथ की कथा सुनीं और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। महिलाओं ने चीनी से बने करवों के साथ-साथ प्रजापतों द्वारा तैयार किए गए मिट्टी के करवों की भी पूजा की। ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाओं ने परंपरागत तरीके से सामूहिक रूप से कथा श्रवण किया। एकल परिवारों में रहने वाली महिलाओं ने अपने घरों में ही पूजा की तैयारियां कीं। महिलाओं ने नए परिधान पहनने के साथ सोलह श्रृंगार किया। कई महिलाओं ने पर्व से एक-दो दिन पहले ही मेहंदी लगवाई और ब्यूटी पार्लर जाकर सजने-संवरने की तैयारियां पूरी कर ली थी। शाम को पूजा के बाद महिलाओं को चांद निकलने का बेसब्री से इंतजार रहा।

पूजा-अर्चना कर चंद्रमा को दिया अर्घ्य

रात्रि में चांद के दर्शन होते ही सुहागिन महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर चंद्रमा को अर्घ्य दिया। इसके बाद छलनी की ओट से पहले चांद और फिर अपने पति का चेहरा देखकर व्रत खोला। महिलाओं ने पति की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कई परिवारों में पतियों ने भी अपनी पत्नी के प्रति प्रेम और सम्मान जताते हुए करवा चौथ का व्रत रखा।



नारनौल। करवाचौथ पर्व में भाग लेती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

बाजारों में रही रौनक, करवा की जमकर बिक्री

करवा चौथ के चलते शहर के बाजारों में दिनभर रौनक बनी रही। महिलाओं और पुरुषों की खरीदारी के लिए बाजारों में भीड़ दिखाई दी। चीनी और मिट्टी से बने करवों की अच्छी बिक्री हुई। इसके अलावा साड़ियां, नए कपड़े, आभूषण, श्रृंगार सामग्री, मेहंदी, गिफ्ट आइटम और अन्य सामान की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ रही। पर्व के कारण बाजार देर शाम तक गुलजार नजर आए। महिलाओं ने अपने सुहाग के लिए पूजा सामग्री के साथ-साथ पति के लिए उपहार भी खरीदे।

भारत विकास परिषद ने मनाया पर्व

संस्कारों से सुसंस्कृत समाज ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है, इसी भावना को चरितार्थ करते हुए भारत विकास परिषद शाखा द्वारा बुधवार सायं भव्य करवाचौथ व परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। करवा चौथ के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में परिषद परिवार की महिला सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मेहंदी कार्यक्रम से हुई, जिसमें महिला सदस्यों के लिए मेहंदी लगाने की व्यवस्था की गई थी। महिलाओं ने हाथों में सुंदर-सुंदर मेहंदी रचाकर त्योहार की खुशी को दोगुना कर दिया। परिषद के अध्यक्ष मुकेश जैन व महिला सहभागिता संयोजक सुचेता गोगिया ने बताया कि परिवार मिलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, आत्मीयता, पारिवारिक संस्कार एवं संगठन की एकता को सुदृढ़ करने का सुंदर अवसर है।

खबर संक्षेप

विवाद में महिला पर किया हमला, केस दर्ज

कनीना। सदर थाना क्षेत्र के गांव भोजावास में खेत में तारबंदी लगाने के उपजे विवाद में मारपीट हो गई। शिकायतकर्ता जितेंद्र के अनुसार उनके परिवार की महिलाएं जब खेत में चारा लेने गईं, तो आरोपित पक्ष के लोगों ने उनके खेत में कंटीली तार लगा रखी थी। विरोध करने पर महिला के साथ बदसलूकी कर हमला किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

जेजेपी कार्यकर्ताओं की अहम बैठक कल

नारनौल। युवा जननायक जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा के युवाओं की उम्मीद दिग्विजय सिंह चौटाला 31 अक्टूबर को जेजेपी जिला कार्यालय में दोपहर एक बजे जिले के सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। जिसकी अध्यक्षता जेजेपी के जिला प्रधान राजकुमार खातोद करेंगे। बैठक में चौटाला के साथ पूर्व एचपीएससी चेयरमैन डॉ. केसी बांगड़, हल्का प्रभारी राजेश सैनी, महेंद्रगढ़ प्रभारी नरेश द्वारका आदि लोग अपने विचार रखेंगे।

बेकाबू डंपर ने तोड़े बिजली के पोल व ट्रांसफार्मर

कनीना। कनीना-कोसली रोड पर देर रात एक डंपर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बिजली निगम की संपत्ति बिजली के पोल व ट्रांसफार्मर को भारी नुकसान पहुंचा। जिसे लेकर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपमंडल अधिकारी उमेश वर्मा की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने डंपर मालिक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

विकास निगम के पास महज 4.20 क्विंटल सरसों का बीज आया, वह भी खत्म

सरसों की बिजाई अंतिम चरण में, अब पहुंचा मुफ्त बीज

कृषि विभाग में 27 अक्टूबर को पहुंचा बीज, गेहूं का स्टॉक भी दोपहर से पहले खत्म हो गया

राजकुमार ⏭ नारनौल

जिले में सरसों की बिजाई अंतिम चरण में पहुंच गई है, लेकिन किसानों को मुफ्त सरसों बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था में अब बहुत देरी से हुई है। जिले में सरसों की भारी मांग के बावजूद हरियाणा बीज विकास निगम के पास इस बार महज 4 क्विंटल 20 किलोग्राम बीज पहुंचा, जो बिक चुका है। वहीं, सरकार की ओर से कृषि विभाग के माध्यम से मुफ्त वितरित किया जाने वाला सरसों बीज 27 अक्टूबर को पहुंचा और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद इसका वितरण शुरू कर दिया गया है। दूसरी ओर, बीज निगम के बिक्री केंद्रों पर गेहूं के सब्सिडी वाले बीज की मांग भी तेज है। गुरुवार को गेहूं का स्टॉक दोपहर से पहले ही खत्म हो गया। ऐसे में रबी सीजन के दौरान किसानों के लिए समय पर बीज उपलब्ध होना अहम मुद्दा बन गया है।

गौर हो कि जिला महेंद्रगढ़ कृषि प्रधान है। जिले में करीब साढ़े तीन लाख एकड़ कृषि योग्य भूमि है। रबी सीजन में दो से ढाई लाख एकड़ में सरसों की बिजाई होती है, जबकि लगभग 70 हजार एकड़ में गेहूं बोया जाता है। शेष क्षेत्र में जौ, चना, सब्जियों और पशुचारे की फसलें ली जाती हैं। सरसों किसानों के लिए नकदी फसल है और अच्छी आमदनी की उम्मीद के चलते इसकी बिजाई को प्राथमिकता दी जाती है। इसके बावजूद इस बार बीज निगम के पास सरसों का सीमित स्टॉक पहुंचा और वह भी किसानों की मांग के मुकाबले बेहद कम साबित हुआ।

सरसों के बाद अब गेहूं की बिजाई का दौर शुरू हो रहा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, गेहूं की बिजाई के लिए एक नवंबर से समय अनुकूल माना जाता है। मौसम में नमी और तापमान में गिरावट के चलते किसान खेत तैयार करने और बीज खरीदने में जुटे हैं। इसका असर हरियाणा बीज विकास निगम के बिक्री केंद्रों पर भी दिख रहा है। गुरुवार को गेहूं का स्टॉक दोपहर से पहले ही खत्म हो गया। निगम के सेल्समैन अमित जाखड़ के अनुसार, नया स्टॉक शुक्रवार दोपहर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह बीज पटौदी से आएगा।



नारनौल। हरियाणा बीज विकास निगम कार्यालय पर बीज लेने पहुंचे किसान। फोटो : हरिभूमि

गेहूं की वैरायटी

निगम में गेहूं की विभिन्न किस्में उपलब्ध कराई जाती हैं, जिनमें डीबीडब्ल्यू-303, डीबीडब्ल्यू-327, डीबीडब्ल्यू-187, डीबीडब्ल्यू-222, डीबीडब्ल्यू-372, डीबीडब्ल्यू-371 और पीबीडब्ल्यू-826 शामिल हैं। गेहूं का 40 किलोग्राम का बैग 1,080 रुपये में मिलता है। सरकार प्रति क्विंटल बीज पर 1,695 रुपये की सब्सिडी दे रही है। इस हिसाब से 40 किलोग्राम के एक बैग पर लगभग 678 रुपये की सब्सिडी बनती है।

जौ और चने का बीज भी उपलब्ध

हरियाणा बीज विकास निगम के बिक्री केंद्रों पर गेहूं के अलावा जौ और चने का बीज भी मिल रहा है। जौ के 30 किलोग्राम के बैग की कीमत 1,185 रुपये और चने के 16 किलोग्राम के बैग की कीमत 1,540 रुपये है। जिले में नारनौल के अलावा महेंद्रगढ़ अनाज मंडी और कनीना में महेंद्रगढ़ रोड पर अटेली मोड़ के नजदीक भी बीज बिक्री केंद्र बनाए गए हैं।

अब कृषि विभाग से मुफ्त मिलेगा सरसों का बीज

हरियाणा बीज विकास निगम का कार्यालय नारनौल में रेवाड़ी रोड पर कैपिटल होटल के पास है। यहां सरसों के दो किलोग्राम के पैकेट की बिक्री 8 सितंबर से 270 रुपये प्रति पैकेट की दर से शुरू की गई थी, लेकिन कुल उपलब्ध स्टॉक केवल 4.20 क्विंटल होने के कारण बीज खत्म हो गया। निगम के पास फिलहाल सरसों का नया स्टॉक नहीं है। दूसरी ओर अधिकत्तम सरसों बिजाई होने उपरांत अब किसानों को सरसों का बीज कृषि विभाग के माध्यम से निःशुल्क दिया जा रहा है। इस बार सरसों का बीज हरियाणा बीज विकास निगम के बजाय सीधे कृषि विभाग के पास भेजा गया है। जिले के नारनौल और महेंद्रगढ़ उपमंडलों के लिए बीज उपलब्ध कराया गया है। कृषि विभाग के नारनौल उपमंडल के एसडीओ डॉ. मनमीत यादव के अनुसार, विभाग के पास सरसों का पर्याप्त बीज पहुंच चुका है और इसका निःशुल्क वितरण शुरू कर दिया गया है। किसानों को अपने खेत की फर्द और आधार कार्ड की प्रति संबंधित कृषि ब्लॉक कार्यालय में जमा करानी होगी। इसके बाद उन्हें दो किलोग्राम का पैकेट दिया जाएगा। बीज आरएच-1706 और आरएच-1424 किस्मों में उपलब्ध है।

यह बोले सेल्समैन

निगम के सेल्समैन अमित जाखड़ ने बताया कि इस बार सरसों का बीज कृषि विभाग को भेजा गया है, इसलिए निगम के पास इसका स्टॉक नहीं है। कट्टे के 1080 रुपये के रेट से लगभग 1500 क्विंटल गेहूं का बीज वितरित किया जा चुका है। फिलहाल गेहूं, जौ और चने के बीज की बिक्री की जा रही है।

तापमान अधिक रहने से सरसों की बिजाई में हुई देरी

आमतौर पर रबी सीजन की शुरुआत एक अक्टूबर से हो जाती है और किसान सरसों की बिजाई शुरू कर देते हैं। लेकिन इस बार 20 अक्टूबर तक तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना रहा। कृषि विभाग के अनुसार, अधिक तापमान के कारण सरसों की बिजाई के लिए अनुकूल परिस्थितियां देर से बनीं। इसके चलते जिले में बिजाई करीब 20 अक्टूबर के आसपास जोर पकड़ पाई और अब अंतिम चरण में है। डॉ. मनमीत यादव के अनुसार, अभी भी सरसों की बिजाई की जा रही है। जिन किसानों की पहले बोई गई फसल खराब हो गई है, बीज नहीं उगा है या अन्य कारणों से दोबारा बिजाई की जरूरत है, वे भी अब बीज ले सकते हैं। पछेती सरसों बोने वाले किसानों के लिए भी बिजाई जारी है। कृषि विभाग का कहना है कि मौजूदा मौसम सरसों की बिजाई के लिए अनुकूल है।



कनीना। वाहनों के आवागमन के लिए चालू किए गए पुल पर उठ रहे धूल के गुबार।

उन्हाणी पुलिया अस्थायी रूप से खोली

वाहनों के आवागमन से उठ रहे धूल के गुबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

महेंद्रगढ़-कनीना-कोसली स्टेट हाईवे नंबर 24 पर गांव उन्हाणी के पास रामपुरा डिस्ट्रीब्यूटर के लीकेज व क्षतिग्रस्त नहरी पुलिया का नवनिर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। लंबे समय के इंतजार के बाद अस्थाई रूप से पुलिया को वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया गया है, जिससे मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को राहत तो मिली है, लेकिन पुलिया के ऊपर पक्की सड़क का निर्माण न होने के कारण नई समस्याएं खड़ी हो गई हैं। सड़क पर तारकोल व कंक्रीट की परत न बिछने की वजह से दिनभर वाहनों की आवाजाही के दौरान धूल के भारी गुबार उड़ते रहते हैं। इस कारण स्थानीय ग्रामीण बेहद परेशान हैं। धूल-मिट्टी के कारण लोगों का सांस लेना दूभर हो गया है और घरों व दुकानों में धूल की मोटी परत जम रही है। इसके साथ ही, मार्ग पर दृश्यता कम होने और सड़क कच्ची होने के चलते वाहन चालकों के फिसलने व हादसे का शिकार होने का खतरा लगातार बना हुआ है।

गौरतलब है कि जुलाई माह में लगभग सवा करोड़ रुपये की लागत से इस नहरी पुल का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। पहले इस मार्ग के बंद रहने से वाहनों को गांव की संकरी गलियों से होकर गुजरना पड़ रहा था। अब पुलिया का मुख्य ढांचा तैयार होने के बाद इसे यातायात के लिए चालू, तो कर दिया गया, लेकिन सड़क का काम अधूरा रहने से परेशानी बनी हुई है। स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों ने दीपावली से पूर्व सड़क का निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की है।

एडीसी ने सुनीं आमजन की समस्याएं

नारनौल। समाधान शिविर वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित किया गया। जिसमें अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया ने मुख्य रूप से उपस्थित होकर नागरिकों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। एडीसी ने अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं जिन मामलों में विस्तृत जांच या कागजी प्रक्रिया की आवश्यकता थी, उनके लिए उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध सीमा के भीतर जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने की हिदायत दी। इस मौके पर एसडीएम गुरविंद्र सिंह, सीटीएम डॉ. मंगल सेन के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

चक्रवात अर्णब के आंशिक असर से बदला मौसम, तापमान गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

बंगाल की खाड़ी में बने अति भीषण चक्रवातीय समुद्री तूफान 'अर्णब' का हरियाणा एनसीआर दिल्ली सहित नारनौल और महेंद्रगढ़ क्षेत्र में भी आंशिक असर देखने को मिल रहा है। इसके प्रभाव से क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदल गया है और दिन तथा रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। तापमान सामान्य से नीचे रहने के कारण लोगों को सुबह-शाम हल्की ठंड का अहसास होने लगा है।

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार हरियाणा एनसीआर दिल्ली में इस समय दो मौसम प्रणालियों का प्रभाव बना हुआ है। बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवातीय तूफान के कारण दक्षिण-पूर्वी हवाएं चल रही हैं, जिससे वातावरण में पर्याप्त मात्रा में नमी पहुंच रही है। इसके साथ ही 29 अक्टूबर को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय हुआ है। दोनों प्रणालियों के संयुक्त प्रभाव से प्रदेश के कई हिस्सों में बादलों की आवाजाही और बारिश-बूंदाबांदी की गतिविधियां देखने को मिल रही हैं।

- दक्षिण-पूर्वी हवाओं से बढ़ी नमी, बादलों की आवाजाही

नारनौल-महेंद्रगढ़ में भी मौसम बदला

महेंद्रगढ़ जिले में भी दिनभर मौसम में बदलाव देखने को मिला। आसमान में बादलों की आवाजाही के बीच तापमान में गिरावट रही। दक्षिण-पूर्वी हवाओं के कारण वातावरण में नमी बढ़ी है।

हालांकि जिले में चक्रवात का सीधा प्रभाव नहीं है, लेकिन इसके आंशिक प्रभाव के कारण मौसम में बदलाव बना हुआ है। आगामी दिनों में जिले के दक्षिणी एवं आसपास के क्षेत्रों में छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना बनी हुई है। चक्रवात 'अर्णब' आंध्र प्रदेश और यनम तट पर लैंडफॉल कर चुका है।

इसके बाद इसके धीरे-धीरे उत्तर दिशा की ओर बढ़ते हुए कमजोर होने की संभावना है। मौसम प्रणाली का संभावित प्रभाव क्षेत्र आंध्र प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश से होते हुए पूर्वी उत्तर प्रदेश तक रहने की संभावना है। हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर इसका सीधा प्रभाव नहीं है, बल्कि दक्षिण-पूर्वी हवाओं के माध्यम से इसका आंशिक असर पहुंच रहा है।

आज व कल बारिश-बूंदाबांदी के आसार

मौसम विशेषज्ञ के अनुसार वीरवार की रात के बाद 30 अक्टूबर को दोनों मौसम प्रणालियों का प्रभाव बना रहेगा। हरियाणा के उत्तरी, पूर्वी, दक्षिण-पूर्वी और मध्यवर्ती जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। कहीं-कहीं तेज हवाओं के साथ गर्ज-चमक और छिटपुट ओलावृष्टि भी हो सकती है। नारनौल-महेंद्रगढ़ सहित दक्षिणी हरियाणा में भी बादलों की आवाजाही के बीच कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। वहीं 31 अक्टूबर को मौसम प्रणालियों का प्रभाव मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्वी जिलों तक सीमित रहने की संभावना है। इसके बाद उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में संभावित बर्फबारी का असर मैदानी क्षेत्रों पर दिखाई देगा। इससे हरियाणा एनसीआर दिल्ली में दिन और रात के तापमान में और गिरावट आने तथा ठंड बढ़ने की संभावना है।

सर्दी शुरू होते ही बढ़ने लगी चोरी की वारदातें, मुर्गी फार्म में चोरी

मंडी अटेली। नेशनल हाईवे मार्ग पर गोकलपुर खेल मैदान के समीप स्थित बेगपुर के सरपंच रणबीर के मुर्गी फार्म पर चोरों ने सेंध लगाकर ट्रैक्टर की बैटरी, गैस सिलेंडर और चूल्हा चोरी कर लिया। चोरी की घटना से क्षेत्र के किसानों में रोष है। किसानों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। अटेली थाने में दी शिकायत में बेगपुर निवासी राजेश यादव ने बताया कि 27 अक्टूबर की रात्रि अज्ञात चोर मुर्गी फार्म पर खड़े ट्रैक्टर की बैटरी निकाल ले गए। इसके अलावा स्टोर रूम में रखा गैस सिलेंडर और चूल्हा भी चोरी कर लिया। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 13 हजार रुपये बताई गई है। फार्म पर इससे पहले भी चोरी की घटना हो चुकी है। करीब दो माह पहले यहां ट्यूबवेल से 200 फुट केबल, गुटके और 11 नोजल चोरी कर लिए गए थे।

उनिंदा सरपंच शीशपाल के निलंबन आदेश पर रोक



मंडी अटेली। उनिंदा ग्राम पंचायत के सरपंच के निलंबन मामले में आयुक्त गुरुग्राम मंडल ने राहत देते हुए उपायुक्त महेंद्रगढ़ के नौ अक्टूबर 2026 के आदेश के क्रियान्वयन पर आगामी आदेशों तक रोक लगा दी है। इस संबंध में प्रार्थी/अपीलार्थी की ओर से अधिवक्ता कर्मवीर यादव ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51(5) के अंतर्गत अपील दायर की थी। अपील में बताया गया कि उपायुक्त ने सरपंच पर पंचायत भूमि (खेवट नंबर 234, खतौनी नंबर 278, तादादी 23 कनाल 11 मरला को पट्टे पर देने और चुनाव में तथ्य छिपाने का आरोप लगाते हुए निलंबित किया था। हालांकि रिकॉर्ड के अध्ययन से स्पष्ट हुआ कि यह विवादित भूमि ग्राम पंचायत की मलकीयत नहीं है। कलेक्टर के 27 जून 2007 के आदेश और आयुक्त गुरुग्राम मंडल के 27 सितंबर 2013 के आदेश के अनुसार इस भूमि को शामलात देह में वेस्ट होना नहीं बताया गया है। साथ ही पट्टा माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना में सब-रजिस्टार अटेली द्वारा पंजीकृत किया गया था। आयुक्त गुरुग्राम मंडल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उत्तरवादी को नोटिस जारी कर रिकॉर्ड तलब किया है तथा मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 नवंबर 2026 की तारीख तय की है।

श्मशान घाट के पास ओवरफ्लो सीवर से राहगीरों का निकलना मुश्किल, छींटों से कपड़े हो रहे खराब

नांगल चौधरी के वार्ड-7 में सीवर का गंदा पानी बना मुसीबत, बदबू व फिसलन से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

नगर पालिका नांगल चौधरी के वार्ड नंबर सात में शमशान घाट के पास सीवर लाइन ओवरफ्लो होने से स्थानीय लोगों और राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। सीवर का गंदा पानी रास्ते में फैलने से लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि पैदल निकलने वाले लोगों को गंदे पानी से बचकर रास्ता पार करना पड़ता है, जबकि वाहनों के गुजरने से गंदे पानी के छींटे राहगीरों के कपड़ों पर पड़ रहे हैं। समस्या से परेशान लोगों में नगर पालिका प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है।

पूर्व पार्षद सोनू तंवर, सोमदत्त जांगड़ा, आदित्य सैनी, भोलाराम सैनी, महेश सैनी, नोनू सैन, जितेंद्र, सतेन्द्र, गोपी सोनी और उदय सिंह ने बताया कि सीवर का पानी सड़क पर फैलने से रास्ते पर फिसलन पैदा हो रही है। इससे पैदल चलने वाले लोगों, बुजुर्गों और बच्चों के फिसलकर गिरने का खतरा बढ़ गया। दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी ऐसी स्थिति दुर्घटना को बढ़ावा दे रही है। सीवर के गंदे पानी में हानिकारक जीवाणु और अन्य रोगजनक मौजूद हो सकते हैं। लंबे समय तक गंदगी जमा रहने और उसके संपर्क में आने से त्वचा संबंधी संक्रमण तथा पेट की बीमारियों का खतरा उत्पन्न हो गया।



नांगल चौधरी। सीवर ओवरफ्लो होने पर रोष प्रदर्शन करते शहरवासी। फोटो : हरिभूमि

जनस्वास्थ्य विभाग को अवगत करवाया

नपा के वार्ड पार्षद कवर सिंह जाखड़ ने बताया कि शहर में अधिकांश प्वाइंटों पर सीवर ओवरफ्लो की स्थिति बनी हुई है। गटर का पानी सड़क पर आने से शहर का श्मशान मार्ग फिसलन और बदबू से ग्रस्त है। समस्या से जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अवगत करवा दिया, लेकिन अभी तक समाधान की प्रक्रिया अटकी हुई है।



हेलोवीन की रात, रंग-बिरंगी पोशाकें पहनकर किआन, फ्रेया, माइकल और रायन ट्रिक ऑर ट्रीट के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में उनका सामना हुआ कुछ ऐसे रहस्यों से, जिसने उनकी हंसी को चीखों में बदल दिया। रहस्य खुलने पर चीखें वापस हंसी में बदल गईं। हर कदम पर नया सरप्राइज देती हेलोवीन की वह शाम इन बच्चों के लिए बहुत ही रोमांचकारी थी।

सरप्राइज वाली हेलोवीन की शाम





कहानी
रेनू मंडल

कैलिफोर्निया के प्लेजेंटन सिटी में 31 अक्टूबर की शाम को बहुत रौनक थी। पिछले एक माह से पूरे अमेरिका में हेलोवीन त्योहार की जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं। आखिरकार आज वह दिन आ ही गया था। घरों और दुकानों के बाहर रंग-बिरंगी रोशनियों के साथ बड़े-बड़े कद्दू सजाए गए थे। इन कद्दुओं पर बड़ी-बड़ी डरावनी आंखें और मुंह बने हुए थे। घरों के बाहर कंकाल, चुड़ैलें, मकड़ियों और भूतों की आकृतियां लटक रही थीं।

किआन, फ्रेया, माइकल और रायन को इस शाम का बेसब्री से इंतजार था। चारों ने अलग-अलग पोशाकें पहन रखी थीं। किआन ने स्पाइडर-मैन, माइकल ने जादूगर, रायन ने बैटमैन और फ्रेया ने परी की ड्रेस पहनी थी। इन बच्चों ने ट्रिक और ट्रीट के लिए अपनी बॉस्केट भी तैयार कर ली थीं। सभी बच्चे माइकल के घर एकत्रित थे। माइकल के पापा ने मुस्कुराते हुए कहा, 'सुनो बच्चो, सदियों पहले लोग मानते थे कि आज की रात प्रेतात्माएं सड़कों पर घूमती हैं। उनसे बचने के लिए लोग डरावने रूप बदलते थे। आज तो खैर यह मौज-मस्ती और चॉकलेट्स जुटाने के त्योहार के रूप में मनाया जाता है।'

'इन बड़े-बड़े कद्दुओं का क्या मतलब?' किआन को जिज्ञासा हुई। 'यह भी बुरी आत्माओं को भगाने का प्रतीक है।' माइकल के पापा ने बताया।

'सचमुच, आज बहुत मजा आने वाला है।' फ्रेया ने अपनी ड्रेस लहराते हुए कहा। स्ट्रीट पर रंग-बिरंगी पोशाकों में न जाने कितने बच्चे नजर आ रहे थे। चारों बच्चे अपनी बास्केट लेकर निकल पड़े। हर घर के दरवाजे पर दस्तक देकर वे चिल्लाते, 'ट्रिक ऑर ट्रीट..!' पड़ोसी मुस्कुराते हुए बाहर निकलकर उनकी बास्केट में रंग-बिरंगी कैंडीज, चॉकलेट्स और डोनट्स भर रहे थे। बच्चों का उत्साह बढ़ता जा रहा था। तभी वे उस इलाके की सुनसान सड़क पर पहुंचे। अचानक उन्हें अपने पीछे आहट सुनाई दी। इससे पहले कि वे चारों पलटकर देखते, काले कपड़ों में लिपटी एक आकृति बिजली की गति से झपटी और चारों को दबोच लिया। 'आऽऽऽआ!' चारों की चीख वातावरण में गूंज उठी। उस आकृति ने भयानक आवाज में कहा, 'आज तुम्हें असली ट्रिक का मजा चखाता हूं।'





'छोड़ दो, कौन हो तुम?' किआन चिल्लाया। इससे पहले कि चारों डरकर भागते, आकृति ने अपना मास्क उतारा। 'मैक्स..!' फ्रेया चिल्लाई। माइकल ने अपना सिर पकड़ लिया, 'यार, तुमने तो हमारी जान ही निकाल दी।' मैक्स ठहाका लगाकर हंस पड़ा, 'तुम सब ट्रिक और ट्रीट चिल्ला रहे थे, तो मैंने सोचा एक सरप्राइज दूं।'



सब हंसने लगे। अभी वे आगे बढ़े ही थे कि अचानक ठिठक गए। गली के मोड़ पर एक बड़ा-सा कद्दू अपने आप हिल रहा था। 'हवा नहीं चल रही फिर यह कद्दू कैसे हिल रहा है?' फ्रेया चौंकी। 'तुम ठीक कह रही हो।' बच्चे हिचकते हुए थोड़ा पास पहुंचे। कद्दू के भीतर से एक धीमी आवाज आई, 'बचाओ.. मुझे यहां से निकालो।' सबकी आंखें घबराहट और आश्चर्य से फैल गईं। हिम्मत करके किआन आगे बढ़ा। उसने टॉर्च की तेज रोशनी में देखा। कद्दू के पीछे पतले बिजली के तार छिपे हुए थे, जो फूलों की घनी क्यारियों में रखे एक छोटे वायरलेस स्पीकर तक जा रहे थे। तभी क्यारियों के पीछे से एक और डरावनी आवाज आई, 'भूऽऽऽत!' चारों उछल पड़े। लेकिन अगले ही क्षण उनके कानों में ठहाका गूंजा। क्यारियों के पीछे से हंसते हुए मैक्स बाहर निकला। 'ओह! तुम फिर से..!' चारों एक साथ बोल पड़े। 'बाय गॉड, क्या शक्ल थी तुम चारों की!' मैक्स हंसा। उन सबने उसकी पीठ पर धौल जमा दी। 'यह मेरा दूसरा सरप्राइज था।' मैक्स शरारत से बोला। 'बच्चू, अगर अब तुमने कोई हरकत की तो तुम्हें छोड़ेंगे नहीं।' रायन हंसते हुए बोला। पांचों दोस्त अपनी चॉकलेट से भरी बास्केट उठाकर आगे बढ़ ही रहे थे कि अचानक फ्रेया रुक गई।

'शश्श्श!'

'अब क्या हुआ?' माइकल ने पूछा।

उसने सामने सड़क की ओर इशारा किया, 'वहां देखो!' सबने देखा, सड़क के दूसरी ओर स्ट्रीट लाइट के नीचे काला लंबा कोट और हैट पहने एक व्यक्ति खड़ा था। अंधेरे में उसका चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा था। 'देखो, इसके हाथ में एक लालटेन है।' किआन बोला। उस आदमी ने पांचों को देखा और तेजी से मुड़कर गायब हो गया। 'हमें चलकर देखना चाहिए, वह कौन है और इतनी जल्दी कहां गायब हो गया?' माइकल बोला। तभी सामने वाले घर में पीली रोशनी जल उठी और घर के अंदर से ठक-ठक की आवाज आई। माइकल घबराकर बोला, 'मुझे लगता है कि इस घर में कोई है!' 'लेकिन यह घर तो कई दिनों से बंद है।' रायन ने बताया। अचानक खिड़की पर एक परछाई दिखाई दी। वह धीरे-धीरे दाएं से बाएं सरकी और फिर गायब हो गई। 'वह कौन था?' माइकल ने फुसफुसाकर पूछा। किआन हिम्मत करके दरवाजे के पास पहुंचा। वहां जमीन पर एक छोटी-सी लालटेन रखी थी। उसकी रोशनी सामने पेड़ पर पड़ रही थी। पेड़ की टहनी पर एक चाबी लटक रही थी।





'यह क्या चक्कर है? इतनी ऊंचाई पर किसने चाबी टांगी है?' रायन बोला।

'देखते हैं।' किआन ने पास पड़ी छड़ी से चाबी नीचे गिराई। चाबी उठाते ही घर के भीतर से जोरदार आवाज आई, 'धड़ाम..!' पांचों बच्चे उछल पड़े। 'हा हा हा डर गए..!' बच्चों ने पलट कर देखा। काले कोट और हैट में कोई और नहीं मिस्टर ब्राउन खड़े थे और ठहाका लगा रहे थे।

'ओह मिस्टर ब्राउन! आपने तो हमें डरा ही दिया।' बच्चे खिलखिलाए।

मिस्टर ब्राउन मुस्कुराकर बोले, 'लेकिन असली रहस्य अभी बाकी है।' उन्होंने चाबी से पेड़ के नीचे रखे एक छोटे से लकड़ी के बक्से का ताला खोला। अंदर छोटी-छोटी लालटेनें, कैंडीज और चॉकलेट्स थीं। उन्होंने बच्चों की बास्केट्स में सभी चीजें पलटते हुए कहा, 'हर साल मैं हेलोवीन पर बच्चों के लिए रोमांचक खेल तैयार करता हूं। तुमसे पहले अभी तीन बच्चे आए थे, मुझे दूर से ही देख डर कर भाग गए।' मिस्टर ब्राउन फिर हंसे, 'मुझे खुशी है, तुम लोग बहादुर निकले।'

'ओह अंकल, अगली बार इतना मत डराना।' फ्रेया ने मुस्कुरा कर कहा। पांचों बच्चों की बास्केट्स अब पूरी तरह भर चुकी थीं। रात भी हो गई थी। मिस्टर ब्राउन को 'हैप्पी हेलोवीन' कहते हुए पांचों बच्चे जगमगाती सड़कों से अपने घर की ओर चल पड़े।

हेलोवीन की आज की शाम उनके लिए रोमांचक और यादगार शाम बन गई थी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

रोचक-मनोरंजक चित्रकथा

बच्चो, तुम्हारे लिए चित्रकथा की एक रोचक किताब आई है। किताब का शीर्षक है- मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर। यह किताब दो भाषाओं- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। मूल अंग्रेजी किताब का नाम है- ए होम फॉर माय लिटिल फ्रेंड। इस किताब के लेखक हैं राकेश आनंद बख्शी, जो कि मशहूर गीतकार आनंद बख्शी के सुपुत्र हैं। तुम्हारे लिए इस किताब का हिंदी अनुवाद किया है डॉ. शालिनी अगम ने।



सुंदर रंगीन चित्रों से सजी यह किताब, तुम्हें नीसा नाम की एक लड़की और एक छोटी-सी घायल मछली की दोस्ती के बारे में बताती है। घर की जरूरत और महत्व की जानकारी देती है। इस किताब के सार के रूप में लेखक कहते हैं- सभी जीवों की सही जगह उनका प्राकृतिक घर होता है। जो हमें हमारा घर ढूंढ़ने में मदद करें, वे बहुत खास होते हैं। इस किताब के अंग्रेजी-हिंदी दोनों वर्जन उपलब्ध हैं। उर्वा शर्मा द्वारा बनाए गए चित्रों ने इस किताब को और भी खूबसूरत बना दिया है। *

किताब : मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर, **लेखक :** राकेश आनंद बख्शी, **अनुवाद :** डॉ. शालिनी अगम, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक प्रकाशन, नई दिल्ली

हंसगुल्ले



पप्पू: ऐसी कौन-सी चीज है, जो तुम ब्रेकफास्ट में कभी नहीं खा सकते हो?
गप्पू: लंच और डिनर।
- रोशनी, भिलाई

टीचर: कल मैं चांद पर लेक्चर देने जा रही हूं, तुम लोग क्लास मिस मत करना।
चिंटू: लेकिन मैं नहीं आ पाऊंगा मैम।
टीचर: क्यों?
चिंटू: वो क्या है कि मेरी मम्मी मुझे इतनी दूर जाने नहीं देंगी।
-कुणाल, बिलासपुर

भोलू: वह कौन सा अंग्रेजी का शब्द है, जिसे कोई 'राइट' नहीं लिख सकता?
गोलू: ऐसा कौन सा शब्द है? तू ही बता।
भोलू: वह शब्द है-रॉन्ग।
- रोहन, भोपाल

जीके क्विज-229

1. पैरा एशियाई खेल 2026 में मोना अग्रवाल ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
2. भारतीय वायु सेना के 94वें स्थापना दिवस पर एयर शो का आयोजन कहां किया गया?
3. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
4. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
5. शुष्क बर्फ किस गैस के ठोस रूप को कहते हैं?
6. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
7. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
8. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
9. झारखंड की राजधानी कहां है?
10. संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-229 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-228 का उत्तर : 1. समर्थक, 2. महर्षि वाल्मीकि, 3. फ्रांसिस हाल्जेन, 4. सीपीयू, 5. 31 अक्टूबर, 6. लोकसभा, 7. भारत रत्न, 8.विटामिन सी, 9. सरदार वल्लभ भाई पटेल, 10. कंचनजंगा

जीके क्विज-228 का सही उत्तर देने वाले : कबीर-हिसार, रचित-रायपुर, कुसुम-बिलासपुर, रोहन-महेंद्रगढ़, सुमन-ईमेल से, दिव्या-रोहतक, प्रियांश-बलौदा बाजार, हर्षित-कटनी, पूनम-महासमुंद, कुणाल-दुर्ग, तृषा-दिल्ली

एडवाइस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, अपने मम्मी-पापा से तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी। ज्यादातर तुम उससे कोई खाने की चीज खरीदते होगे या फ्रेंड्स के साथ पार्टी करते होगे। लेकिन अगर तुम अपनी पॉकेट मनी से दूसरों की मदद करो, तो तुम्हें बहुत खुशी मिलेगी।

खूब समझदारी से करो पॉकेट मनी का इस्तेमाल



बच्चो, जब भी तुमको पॉकेट मनी मिलती है, तुम फटाफट उसे खर्च करने के बारे में सोचने लगते होगे। लेकिन हम तुमको यहां पिछले दिनों चर्चित रही मन को छू लेने वाली एक घटना के बारे में बता रहे हैं, जिसके बारे में जानकर तुम अपनी पॉकेट मनी सही तरीके से खर्च करना सीख जाओगे। उत्तर प्रदेश स्थित आगरा शहर के एक स्कूल में तीसरी क्लास के बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी के पैसे जोड़कर अपने गरीब सहपाठी की मदद की। दरअसल, उस बच्चे की फीस में 700 रुपए कम पड़ रहे थे। सभी क्लासमेट्स ने मिलकर उसकी फीस जमा कर दी, ताकि वह भी पूरी क्लास के साथ एग्जाम दे पाए। जरा सोचो, इन बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी खेलने या खाने में फटाफट खर्च कर डालने के बजाय पैसे बचाकर रखे होंगे, तभी वे अपने साथी की हेल्प कर पाए। तुमको भी पैरेंट्स से मिलने वाली पॉकेट मनी को सही और सार्थक तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए।

सेविंग करना अच्छी हैबिट: बात चाहे मम्मी-पापा से मिली पॉकेट मनी की हो या फिर किसी त्योहार या बर्थ-डे पर बड़ों से आशीर्वाद के रूप में मिले पैसों की। तुम्हें सब कुछ खर्च करने के बजाय थोड़ी बचत भी करनी चाहिए। फिजूलखर्ची के बजाय सेविंग करना अच्छी आदत है। यह बचत किसी की मदद करने में काम आ सकती है। अपनों को सरप्राइज देना चाहो तो उपहार खरीदने के लिए यूज की जा सकती है। इतना ही नहीं किसी मनपसंद खिलौने या गेम के लिए भी अपने बचाए पैसे काम में ले सकते हो। अपनी पॉकेट मनी से खरीदकर कोई पेड़ लगा सकते हो। सेविंग से जुड़ी तुम्हारी यह समझदारी भरी आदत मम्मी-पापा को भी अच्छी लगेगी।



मदद से मिले खुशी: किसी की छोटी से छोटी मदद करना भी मन को बहुत बड़ी खुशी देता है। इतना ही नहीं, किसी की किसी भी रूप में की गई सहायता हमारे मन में करुणा और अपनत्व की भावना जगाती है। प्यारे से जुड़ाव को बल देती है। यूं किसी भी कई तरह से किसी अपने-पराए की हेल्प की जा सकती है। पर कई बार सामूहिक रूप में फाइनेंशियल मदद करना बड़ी राहत देने वाली बात होती है। इसके लिए अपनी पॉकेट मनी को मैनेज करना बहुत जरूरी है। अगर पैसे मिलते ही उसे खर्च कर दिए तो परेशानी में फंसे किसी साथी की हेल्प कैसे कर पाओगे? मुसीबत में मदद करने के अलावा भी तुम नियमित अपनी पॉकेट मनी का कुछ हिस्सा किसी की सहायता के लिए रख सकते हो। किसी त्योहार पर या अपने जन्मदिन पर किसी जरूरतमंद की हेल्प करना तुम्हारे दिन को और खास बना देगा। हेल्प करने की यह हैबिट तुम्हारे मन में ही नहीं समाज में प्रेम और परवाह के भाव को बढ़ाने वाली आदत है।

आत्मनिर्भर बनने की सोच: पॉकेट मनी में मिले कुछ पैसे हमेशा अपने पास रखने चाहिए। कभी स्कूल वैन न आने पर अचानक स्कूल से खुद घर आना हो, तो ऑटो-टैक्सी का किराया तुम्हारे पास होगा। स्कूल कैंटीन में कुछ खाने का मन हो या अपने दोस्तों के साथ ट्रीट करनी हो तो सोचना नहीं पड़ेगा। कोई क्लासमेट टिफिन भूल आए, तो उसके साथ भी कैंटीन में खाना शेयर कर सकते हो। जानते हो मम्मी-पापा पॉकेट मनी देते ही इसलिए हैं कि तुम पैसे की वैल्यू समझ सको। सही ढंग से और सही जगह खर्चा करना सीखो। जेब खर्च को बिना सोचे-समझे एक ही बार में खर्च कर डालने के बजाय मनी मैनेजमेंट सीखना बहुत जरूरी है। यह हैबिट बड़े होने पर भी तुम्हारे लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। इसलिए आज ही से खुद से प्रॉमिस करो कि पॉकेट मनी का कुछ पार्ट तुम जरूर सेव करोगे। *

कविता / देवी प्रसाद गौड़

पों-पों करती बस आ जाती



सभी इमेज एआई

पों-पों कर के रोज सवेरे,
रंग-बिरंगी बस आ जाती।
बस्ता लेकर जल्दी आओ,
खड़ी द्वार पर हमें बुलाती।।
झांक रहा खिड़की से चुन्नू,
देख-देख मुझको मुस्काता।
देर जरा भी हो जाती तो,
चालक भैया शोर मचाता।।
भरी ठसाठस धीरे-धीरे,
सबसे पीछे गौरा चढ़ती।
खिसक-खिसक, तू उधर खिसक जा
सब बच्चों से बस में लड़ती।।
कोई कुछ भी बोल गया तो,
बात-बात पर ठिन-ठिन करती।
पूजा बैठी नजर झुका कर,
इससे रहती डरती-डरती।।

तरह-तरह के बच्चे चढ़ते,
मोटर में मेला लग जाता।
कोई हंसता कोई रोता,
कोई घर की कथा सुनाता।।
मधुमंगल पूजा का भाई,
उसे चिढ़कर टॉफी खाता।
कोई बाहर हाथ हिला कर,
बाय-बाय करने लग जाता।।
बड़ी मधुर छुट्टी की घंटी,
इसकी टन-टन बहुत सुहाती।
मम्मी-पापा खेल खिलौने,
सारे घर की याद दिलाती।।
मुरझाए से फूल खिलाती,
घंटी जादू-सा कर जाती।
चले दौड़ कर गिरते-पड़ते,
पलक झपकते बस भर जाती।।

अंतर बताओ

बच्चो, यहां मैजिक शो कर रहे चीकू खरगोश के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में आठ अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1.चीकू का मुंह बंद है। 2.चीकू की बी टाई का कलर अलग है। 3.चीकू के मैजिक स्टिक का निचला हिस्सा व्हाइट है। 4.कलरफुल एग के बीच वाले सर्किल का कलर अलग है। 5.चित्र में एक स्टार अधिक दिख रहा है। 6.ऊपर दाईं तरफ पर्दे में एक फोल्ड अधिक है। 7.नीचे बाईं तरफ पर्दे में एक फोल्ड अधिक है। 8.बाईं तरफ पर्दे में एक नॉट अधिक बंधा हुआ है।

नाम पूरा करो

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में बाईं तरफ कुछ एनिमल्स के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ अंग्रेजी में उनके नाम लिखे गए हैं, लेकिन इनमें से प्रत्येक के नाम में एक लेटर मिसिंग है। तुम वो मिसिंग लेटर लिखकर इन एनिमल्स के नाम पूरे करो।



monke ____
shee ____
chicke ____
goa ____

प्लेटफॉर्म विस्तार से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक पांच मांगें उठाईं

अटेली रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं की कमी को लेकर दैनिक यात्रियों ने उठाई आवाज

डीआरएम जयपुर मंडल के नाम सौंपा जनहित ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज मंडी ▶▶ अटेली/नारनौल

अटेली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने और सुरक्षा संबंधी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दैनिक रेल यात्री एवं जन कल्याण संघ नारनौल ने स्थानीय रेल यात्रियों के साथ मिलकर सामूहिक जनहित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्लेटफॉर्म की लंबाई, अंडरपास की प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की गुणवत्ता, दैनिक यात्रियों के एमएसटी और सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित पांच महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए हैं।

यह ज्ञापन संघ के स्थानीय समन्वय प्रतिनिधि हेमगिरी शर्मा निवासी गांव कांटी के नेतृत्व में उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के नाम दिया गया। इस दौरान मास्टर हनुमान शर्मा, भीम कुमार, सुभाष, लीलू सिंह, संदीप, नरेश चौहान, दिलीप कुमार व अशोक कुमार शर्मा सहित स्थानीय रेल यात्री एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। उन्होंने स्टेशन पर सुविधाओं को बेहतर बनाने और यात्रियों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने की मांग की। प्लेटफॉर्म पर सभी बोगियां लाने की मांग प्लेटफॉर्म पर सभी बोगियां लाने की मांग ज्ञापन में कहा गया कि गाड़ी संख्या 20473 चेतक एक्सप्रेस की पीछे की दो जनरल बोगियां रात्रि में प्लेटफॉर्म नंबर 2 से बाहर रह जाती हैं।

इससे यात्रियों को चढ़ने-उतरने में कठिनाई होती है तथा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाने अथवा ठहराव व्यवस्था में सुधार करने की मांग की गई है। प्लेटफॉर्म नंबर 2 और डीएफसी लाइन के पास बने अंडरपास में पर्याप्त रोशनी नहीं होने का मुद्दा भी उठाया गया। संघ ने कहा कि रात्रि में यात्रियों के सुरक्षित आवागमन के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा लाइटों का नियमित रखरखाव जरूरी है। प्लेटफॉर्म नंबर 2 के वाटर बूथ पर स्वच्छ एवं पीने योग्य मीठे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई। यात्रियों को मासिक सीजन टिकट बनवाने में होने वाली कथित आनाकानी दूर करने को नियमानुसार एमएसटी उपलब्ध कराने के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित करने का आग्रह किया गया।



नारनौल। ज्ञापन सौंपते दैनिक रेल यात्री संघ के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण के लिए गश्त जरूरी

ज्ञापन में रात्रिकालीन सुरक्षा को विशेष महत्व दिया गया है। स्थानीय यात्रियों के अनुसार, शराबियों और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों के कारण स्टेशन पर असुरक्षा की भावना बनी रहती है। पूर्व में रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाए जाने की घटना का उल्लेख करते हुए आरपीएफ/जीआरपी की नियमित ड्यूटी अथवा प्रभावी गश्त की मांग की गई।

जनहित के मुद्दों पर प्रयास करेगा संघ : शर्मा

संघ के अध्यक्ष एवं संस्थापक गणेश शर्मा 'रेलमित्र' ने कहा कि अटेली और आसपास के क्षेत्र के यात्रियों को बेहतर रेल सुविधाएं मिलना आवश्यक है। संघ भविष्य में भी अटेली रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार, सुरक्षा व्यवस्था में सुधार और यात्रियों को अधिकाधिक लाभ दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। उन्होंने रेल प्रशासन से आग्रह किया कि जनहित से जुड़े इन मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

ओडीएम स्कूल में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए

- अनजान लिंक, ऑनलाइन ठगी और डिजिटल ब्लैकमेलिंग के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। स्कूल में बच्चों को क्राइम से बचाव की जानकारी देती पुलिस।

साइबर थाना नारनौल की टीम ने ओडीएम इंटरनेशनल स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन गेमिंग और डिजिटल ब्लैकमेलिंग से बचाव के तरीके बताए गए। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी, पासवर्ड और यूपीआई पिन किसी से साझा नहीं करने तथा सोशल मीडिया पर निजी जानकारी और तस्वीरें साझा करने से बचने की सलाह दी। साथ ही फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट, फोटो-वीडियो के दुरुपयोग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए तैयार किए जाने वाले डीपफेक वीडियो व आवाज की नकल से होने वाली धोखाधड़ी के प्रति भी सचेत किया। किसी संदिग्ध संदेश या वीडियो को सत्यापन के बिना आगे साझा नहीं करने की अपील की गई। टीम ने बताया कि ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करवाएं। श

अटेली कॉलेज में वुशु और ताइक्वांडो के मुकाबले कल

मंडी अटेली। डड़ींदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की अंतर-कॉलेज खेल प्रतियोगिताओं के कार्यक्रम में दीवाली अवकाश के चलते बदलाव किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार वुशु और ताइक्वांडो के पुरुष एवं महिला वर्ग के मुकाबले 31 अक्टूबर को राजकीय महाविद्यालय अटेली में होंगे। विश्वविद्यालय खेल परिषद के अनुसार वुशु प्रतियोगिता सुबह 10 बजे और ताइक्वांडो प्रतियोगिता दोपहर एक बजे शुरू होगी। जिम्नास्टिक्स और एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित रहेगा। विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ. अशोक कुमार यादव ने प्रतिभागियों और महाविद्यालयों से संशोधित कार्यक्रम के अनुसार तैयारियां सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

राजवंशी स्कूल के विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन



नारनौल। सोहना स्थित केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में आयोजित आइडिया 4.0 नवाचार कार्यक्रम में राजवंशी सीनियर सेकेंडरी स्कूल दोचाना के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्रों ने रोबोट रेस प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने एग्री-टेक इनोवेशन इवेंट में भी हिस्सा लेकर खेती-किसानी से जुड़े अपने नवाचारी विचार प्रस्तुत किए। रोबोट रेस में कई स्कूलों और संस्थानों की टीमों ने भाग लिया। कड़े मुकाबले के बीच राजवंशी स्कूल दोचाना की टीम ने अपनी तकनीकी समझ, सटीक डिजाइन और बेहतरीन टीमवर्क के दम पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार सांखला ने विजेता छात्रों और मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई दी। टीम का मार्गदर्शन रविंद्र कुमार यादव ने किया। विजेता टीम में नवनीत, रोहित, जतिन शामिल रहे।

सेवा भारती ने करवाचौथ को बनाया यादगार जेपी ज्वेलर्स पर लगाया निःशुल्क मेहंदी कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। कार्यक्रम में भाग लेती महिलाएं व अन्य। फोटो: हरिभूमि

महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता के उद्देश्य को लेकर सेवा भारती शाखा (हरियाणा प्रांत) के तत्वाधान में जेपी ज्वेलर्स में निःशुल्क मेहंदी कैंप का आयोजन किया गया। करवा चौथ के पावन अवसर पर आयोजित इस विशेष कैंप में शहर सहित ग्रामीण अंचल से सैकड़ों बहन-बेटियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और निःशुल्क मेहंदी लगवाई। इस आयोजन ने करवा चौथ के त्योहार को और भी यादगार बना दिया।

कैंप की सबसे खास बात यह रही कि मेहंदी लगाने वाली सभी युवतियां सेवा भारती की ओर से ही प्रशिक्षित थी। संस्था की ओर से प्रशिक्षित रितु, उर्मिला, अनु आदि बहनों ने बड़े ही सेवा भाव और हर्षोल्लास के साथ सभी महिलाओं को सुंदर मेहंदी लगाई। कार्यक्रम में अंजू अग्रवाल, सविता यादव, मीरा, सोनू, मीनाक्षी, प्रियंका, सुनीता सैनी, मीना, रिचा, ज्योति सहित सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सेवा भारती के पदाधिकारी जयप्रकाश, शिवकुमार यादव, विजय यादव, अशोक सिंगला, अश्वनी कटारिया सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने प्रशिक्षित बहनों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि सेवा भारती भविष्य में भी ऐसे जनसेवा के कार्य करती रहेगी।

तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार घायल

कनीना। शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चेलावास अनाज मंडी के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में गांव कोटिया निवासी इंद्रसिंह घायल हो गया। वह शाम करीब चार बजे भोजावास से बाइक पर घर लौट रहा था। अनाज मंडी के पास पीछे से लापरवाही से आ रही एक गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया, जिसे राहगीरों की मदद से अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित कार चालक के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डेंगू पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा 57 पर स्वास्थ्य विभाग का फोगिंग पर जोर

रेवाड़ी। जिले में इस वर्ष डेंगू-मलेरिया से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्कला बरत रहा है। सीजन में डेंगू पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा 57 पर पहुंच चुका है। स्वास्थ्य विभाग की ओर इस बार फोगिंग पर विशेष जोर दिया जा रहा है। गत वर्ष के सीजन में अब तक डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 274 पर पहुंच गई थी। इस बार स्वास्थ्य विभाग का कच्छर जनित बीमारियों पर कंट्रोल है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सोर्स रिडक्शन एक्टिविटी तहत डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के पूरे प्रयास किए जा रहे है। क्षेत्रों में फोगिंग कराई जा रही है, वही ठहरे हुए पानी में काला तेल व टेमीपास की दवा डाली जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम फील्ड विजिट के दौरान अब तक 1812547 घरों में लार्वा की जांच की जा चुकी है। वही लार्वा मिलने पर 2712 लोगों को नोटिस दिए जा चुके है। स्वास्थ्य विभाग की ओर निर्माणाधीन माजरा एम्स सहित अनेक क्षेत्रों में फोगिंग कराई गई।



अब तक यहां मिल चुके डेंगू के मरीज

डिप्टी सीएमओ व मलेरिया नोडल अधिकारी डा. जोगेन्द्र तंवर ने बताया कि जिले में अभी तक 57 डेंगू पॉजिटिव मरीज व 14 मलेरिया केस मिल चुके है। शहर में 24, मीरपुर सीएचसी के अर्न्तगत 12, बावल सीएचसी में 12, गुरावड़ा सीएचसी में 5 तथा खोल सीएचसी में 3 व नाहड़ सीएचसी के अर्न्तगत 1 डेंगू का केस मिल चुका है। सीजन में अब तक बुखार से पीड़ित 3391 लोगों के ब्लड सेंपल की स्लाइड तैयार की गई है।

ज्यादा से ज्यादा पेय पदार्थों का सेवन करें: डा. तंवर

डेंगू व मलेरिया बीमारियों से बचाव के लिए घर में आसपास साफ-सफाई रखे। ठहरे हुए पानी में काला तेल डाले। घरों के बर्तन, कूलर, पानी की टंकी व पशुओं की खेल की सफाई करते रहे, जिससे मच्छर का लार्वा न पनप सके। डेंगू व मलेरिया के लक्षण होने पर ब्लड की जांच कराकर डॉक्टर की सलाह पर ही दवाईयां ले। ज्यादा से ज्यादा पेय पद्धार्थों का सेवन करें। स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रतिदिन घरों व अन्य स्थानों पर लार्वा की जांच कर रही है। बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को भी सतर्क रहने की जरूरत है।

-डा. जोगेन्द्र तंवर, जिला मलेरिया अधिकारी

अतिथि अध्यापक नियमित किए जाएं: अतरलाल

नारनौल। बहुजन समाज पार्टी ने हरियाणा सरकार से राज्य के सरकारी स्कूलों में वर्षों से सेवाएं दे रहे अतिथि अध्यापकों को नियमित करने की मांग की है। प्रदेश बसपा के वरिष्ठ नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भेजे ज्ञापन में उक्त मांग उठाई है। अतरलाल ने कहा कि अतिथि अध्यापक करीब 20 सालों से सरकारी स्कूलों में सराहनीय सेवाएं दे रहे हैं। वे स्थाई शिक्षकों की तरह स्थाई प्रकृति के सभी कार्य कर रहे हैं और उनकी नियुक्तियां भी 2005 से 2007 के बीच में सरकार की निर्धारित चयन प्रक्रिया के तहत हुई थी। हरियाणा अतिथि शिक्षक सेवा अधिनियम 2019 भी अतिथि अध्यापकों को 58 वर्ष तक सेवा जारी करने की सुरक्षा देता है। उन्होंने कहा कि आंदोलनरत अतिथि अध्यापकों की नियमित करने की मांग बिल्कुल जायज और कानून सम्मत है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में परीक्षाएं सिर पर आ रही हैं। यदि अतिथि अध्यापकों को मजबूर होकर आंदोलन को आगे चलाना पड़ा, तो इससे विद्यार्थियों के भविष्य पर बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अतिथि अध्यापकों की मांग को टालते रहने से उनमें रोश बढ़ता जा रहा है। इसलिए बहुजन समाज पार्टी सरकार से अतिथि अध्यापकों को तत्काल नियमित करने की मांग करती है।



जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता एक को

- छह आयु वर्गों में होंगे मुकाबले, खिलाड़ी अधिकतम दो स्पर्धाओं में ले सकेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। योगासन करते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

महेंद्रगढ़ योगासन खेल एसोसिएशन की ओर से एक नवंबर को नारनौल के हुडा सेक्टर-1 स्थित सीएल पब्लिक स्कूल में छठी वार्षिक जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसकी तैयारियों को लेकर स्कूल प्रांगण में एक मीटिंग की गई। प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ी छह आयु वर्गों में विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। एसोसिएशन की सचिव रीना कुमारी ने बताया कि मंगलवार को नारनौल स्थित वेदांत न्यूरोथेरेपी एवं योग केंद्र में एसोसिएशन की बैठक हुई। अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. निलेश मुदगल ने की। एसोसिएशन के तकनीकी सचिव अरुण कुमार ढिल्लों ने बताया कि प्रतियोगिता में ट्रेडिशनल सिंगल, आर्टिस्टिक सिंगल, आर्टिस्टिक पेयर और रिदमिक पेयर सहित चार स्पर्धाएं होंगी। खिलाड़ी इनमें से अधिकतम दो स्पर्धाओं में भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता छह आयु वर्गों में करवाई जाएगी, जिनमें 10 से 14 वर्ष, 14 से 18 वर्ष, 18 से 28 वर्ष, 28 से 35 वर्ष, 35 से 45 वर्ष और 45 से 55 वर्ष आयु वर्ग शामिल हैं। बैठक में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. भंवर सिंह, सचिव रीना कुमारी, तकनीकी सचिव अरुण कुमार ढिल्लो, डॉ. नितिन यादव, डॉ. कुमार गौरव, रामपाल सिंह, शशि देवी और एडवोकेट चंद्रप्रकाश संघी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

एक स्पर्धा का पंजीकरण शुल्क 100 रुपये

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एक स्पर्धा का पंजीकरण शुल्क 100 रुपये और दो स्पर्धाओं का शुल्क 150 रुपये निर्धारित किया गया है। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था भी की गई है।एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. निलेश मुदगल ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

अवैध शराब तस्करी का फरार आरोपी काबू, दो दिन के पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



अवैध शराब तस्करी और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कसोला थाना पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने गत 25 सितंबर को एक दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करने के मामले में आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान रिशाल उर्फ रिशा निवासी गांव सिरोली जिला नूंह के रूप में हुई है। गत 25 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि आसलवास फ्लाईओवर के पास ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सुरक्षा को लेकर वाहन की जांच शुरू की। जब पुलिस टीम ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के केबिन और अन्य गुप्त हिस्सों की तलाशी ली, तो अंग्रेजी ब्रांड्स की 276.69 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। घटना के समय चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने शराब और वाहन को तुरंत कब्जे में ले लिया और आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

एफएलएन प्रशिक्षण का द्वितीय चरण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले विभिन्न खंडों के शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

निपुण हरियाणा मिशन के तहत प्राथमिक शिक्षकों के लिए आयोजित छह दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय चरण सम्पन्न हो गया। जिले के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों पर 21 से 28 अक्टूबर तक आयोजित प्रशिक्षण में महेंद्रगढ़ जिले के सभी खंडों के शिक्षकों ने भाग लिया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण का वास्तविक लाभ कक्षा-कक्ष में बच्चों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से प्रशिक्षण के दौरान सीखी गतिविधि आधारित शिक्षण विधियों और नवाचारी शैक्षणिक प्रक्रियाओं को कक्षा में प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षकों को बधाई दी। जिला एफएलएन समन्वयक डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों की शैक्षणिक क्षमता को मजबूत करना और विद्यार्थियों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान सुनिश्चित करना है। शिक्षकों को भाषा, गणित, गतिविधि आधारित शिक्षण, मूल्यांकन से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

शिक्षकों ने समूह गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने समूह गतिविधियों और शैक्षणिक चर्चाओं में सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम के संचालन में खंड शिक्षा अधिकारियों, बीआरपी, एबीआरसी, केआरपी, मास्टर ट्रेनर्स तथा डाइट महेंद्रगढ़ की टीम ने सहयोग दिया। विभाग की ओर से उम्मीद जताई गई कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त अनुभव और नई शिक्षण तकनीकों का कक्षा-कक्ष में प्रभावी उपयोग विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार लाने में सहायक होगा तथा निपुण हरियाणा मिशन के लक्ष्यों को गति मिलेगी।

श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रांगण में हुआ समारोह

पूर्व विस अध्यक्ष कुलदीप शर्मा का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। कुलदीप शर्मा का अभिनंदन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

मोहल्ला चौधरियान स्थित श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रांगण में वीरवार को बतौर अतिथि हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष पंडित कुलदीप शर्मा पहुंचे। उन्होंने ब्राह्मण समाज के लोगों से मुलाकात की। सभा के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान राकेश मेहता एडवोकेट ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती और भगवान परशुराम की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर सभा के प्रधान राकेश मेहता एडवोकेट ने कहा कि वर्तमान समय में समाज में एकता बनाए रखना बेहद जरूरी है। गौड़ ब्राह्मण सभा सभी को साथ लेकर चलने और समाज को संगठित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पंडित कुलदीप शर्मा ने कहा कि समाज हमारी जड़ें हैं और इन जड़ों को मजबूत बनाए रखने के लिए समय-समय पर उनमें खाद-पानी डालते रहना चाहिए। जिस प्रकार जड़ों से ही पेड़ को ताकत मिलती है, उसी प्रकार समाज ही व्यक्ति की शक्ति का आधार होता है। उन्होंने कहा कि किसी भी नेता की असली ताकत उसका अपना समाज होता है। जो व्यक्ति अपने समाज के काम नहीं आता, वह किसी के भी काम का नहीं है। उन्होंने कहा कि जब भी उन्हें समाज की सेवा करने का अवसर मिला, उन्होंने पूरी निष्ठा से अपनी जिम्मेदारी निभाई। भविष्य में भी वे समाज की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। समाज के लोग जब भी उन्हें याद करेंगे, तो वे उनकी सेवा के लिए हमेशा तैयार मिलेंगे। सवर्ण समाज एकता मंच के जिला संयोजक खेमचंद शर्मा ने हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर हरियाणा में भी सवर्ण आयोग के गठन की पैरवी करने का अनुरोध किया। इस पर पंडित कुलदीप शर्मा ने कहा कि जिस दिन उनके पास विधानसभा में निर्णय लेने की ताकत होगी, उस दिन इस मांग को मंजूरी दिलाने के लिए प्रयास करेंगे।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा, अखिल भारतीय भगवान परशुराम वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वैद्य किशन वशिष्ठ, महेंद्र कौशिक, श्याम सुंदर शर्मा, अनुप कौशिक, सुनील शर्मा, डॉ. धीरज शर्मा, कृष्ण ठेकेदार, मनीष वशिष्ठ, कृष्ण शर्मा और अशोक शर्मा बुचोली सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

आधार अपडेट के लिए जाएं लघु सचिवालय डाकघर

महेंद्रगढ़। लघु सचिवालय स्थित पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड से संबंधित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध हैं। एसडीएम योगेश सैनी ने बताया कि नागरिक यहां छोटे बच्चों का नया आधार कार्ड बनवाने के साथ आधार कार्ड में मोबाइल नंबर और बायोमेट्रिक विवरण भी अपडेट करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आधार से संबंधित इन कार्यों के लिए नागरिक लघु सचिवालय की पहली मंजिल पर स्थित पोस्ट ऑफिस में पहुंचकर सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

बेरोजगारों के लिए 1 नवंबर से शुरू होंगे भत्ते के आवेदन

नारनौल। हरियाणा सरकार प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को आर्थिक संबल देने के लिए सामान्य बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत वर्ष 2026-27 के आवेदन एक नवंबर से लेने जा रही है। पात्र युवा 30 नवंबर तक इंटरनेट के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह ने जिले के सभी पात्र युवाओं से समय रहते आवेदन करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत बारहवीं उत्तीर्ण, दो वर्ष का प्रमाण पत्र अथवा डिप्लोमा धारक युवाओं को 1,200 रुपये प्रतिमाह तथा स्नातक या उससे उच्च शिक्षा प्राप्त अथवा तीन वर्ष का डिप्लोमा धारक युवाओं को 2,000 रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा।

ढाणी बाठोठा में 5 दिन बाद मिल रहा पीने का पानी

नारनौल। गांव ढाणी बाठोठा में पेयजल आपूर्ति की समस्या के चलते ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पांच दिन में एक बार पीने का पानी मिल रहा है। इससे लोगों को रोजमर्रा के कामों के लिए पानी जुटाने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार सरकार की ओर से नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने और लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने पर जोर दिया जाता है। इसके बावजूद गांव में नियमित पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। ग्रामीण रवि कुमार का कहना है कि जब कई दिनों तक पानी नहीं आता, तो उन्हें घरों में पानी का प्रबंध करने में दिक्कत होती है।

हनीट्रैप का मामला : बुजुर्ग व्यापारी पर दुष्कर्म करने का महिला ने लगाया था आरोप, दोनों तरफ से दर्ज हुए थे केस

दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला दो साथियों के साथ गिरफ्तार, शिकायत वापस लेने के लिए मांगे थे एक करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- सिटी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 308(6) और 61(2) के तहत केस दर्ज किया

शहर के व्यापारी पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला व उसके दो साथियों को सिटी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन्हें अदालत में पेश किया गया। जहां न्यायालय के आदेश पर तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जिला जेल नसीबपुर भेज दिया है।

आपको बताते चले कि एक महिला ने शहर के बड़े व्यापारी पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। महिला की शिकायत पर व्यापारी पर केस दर्ज किया था। वहीं आरोपित व्यापारी के छोटे भाई ने सिटी थाना में शिकायत देकर उसी महिला पर बड़े भाई को हनीट्रैप में फंसाने की बात कहकर शिकायत वापस लेने की एवज में एक करोड़ की मांग की थी। इसकी रिकॉर्डिंग भी व्यापारी के पास मौजूद है जो पुलिस को भी उपलब्ध करवाई गई है। इस संबंध में पुलिस ने आरोपित व्यापारी के छोटे भाई की शिकायत पर दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देकर पैसे मांगने का आरोप लगाते हुए मंगलवार रात को एक महिला और उसके दो साथियों के खिलाफ शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर सिटी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 308(6) और 61(2) के तहत केस दर्ज किया। जिसके बाद पुलिस ने महिला सहित तीनों नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर पैसा मांगने का बनाया था दवाब

सिटी पुलिस को दी शिकायत में व्यापारी के छोटे भाई ने बताया है कि उनके बड़े भाई के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया गया था। इसके बाद एक महिला और उसके दो साथियों ने बड़े भाई को झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर पैसे मांगने का दबाव बनाया। शिकायतकर्ता के अनुसार बातचीत के दौरान उन्होंने पैसे मांगने की ऑडियो रिकॉर्डिंग की। उनका आरोप है कि अलग-अलग बातचीत में पहले एक करोड़ की डिमांड की। फिर 75 लाख, 50 लाख व 30 लाख रुपये देने को कहा। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है पैसे देने पर शिकायत वापस लेने का भरोसा दिया गया था। उन्होंने यह रिकॉर्डिंग पेन ड्राइव में डालकर सिटी पुलिस को दी है।

महिला हिसार और दो अन्य आरोपित पटौदी व गुरुग्राम जिले के रहने वाले

इस मामले की जांच कर रहे पुलिस जांच अधिकारी गुणपाल ने मीडिया को बताया कि आरोपित व्यापारी के छोटे भाई ने 27 अक्टूबर को शिकायत दी थी। शिकायत के साथ पैसे मांगने की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी पेश की गई, जिसे पुलिस ने सुना। रिकॉर्डिंग में एक करोड़, 70 लाख, 50 लाख व 30 लाख अलग-अलग रकम मांगने की बातचीत सामने आई। पुलिस के अनुसार अगले दिन भी कथित तौर पर पैसे लेने के लिए नारनौल आने की जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस ने मामले में नामजद महिला और उसके दोनों साथियों (एक पटौदी व दूसरा गुरुग्राम वासी) को गिरफ्तार कर लिया। तीनों को अदालत में पेश कर अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आईओ ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

बिजली निगम की टीम पर हमला करने का एक आरोपित गिरफ्तार

कर्मचारियों से मारपीट, मोबाइल व सरकारी दस्तावेज छीनने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव सिसोठ में बिजली चोरी की जांच करने पहुंची दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) की टीम पर हमला करने, कर्मचारियों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में सीआईए महेंद्रगढ़ ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि घटना के दौरान निगम कर्मचारियों के मोबाइल फोन और सरकारी दस्तावेज भी छीन लिए गए तथा सरकारी गाड़ी को नुकसान पहुंचाया गया। घायल कर्मचारी की मेडिकल रिपोर्ट में तीन चोटों का उल्लेख है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गांव सिसोठ निवासी गजराज के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे 27 अक्टूबर को



गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। डीएसपी डॉ. कविता ने बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, महेंद्रगढ़ के उपमंडल अधिकारी ने थाना सदर महेंद्रगढ़ में शिकायत देकर मामले की जानकारी दी थी। शिकायत के अनुसार, 21 सितंबर 2026 को सुबह करीब 10:20 बजे निगम की टीम बिजली चोरी की शिकायत पर गांव सिसोठ में जांच करने पहुंची थी।

मारपीट और धमकी देने का आरोप

शिकायत के मुताबिक, निगम की टीम गांव में एक मकान पर बिजली चोरी की जांच कर रही थी। इसी दौरान वहां मौजूद व्यक्तियों ने कथित तौर पर कर्मचारियों के साथ मारपीट की, सरकारी कार्य में बाधा डाली और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि हमलावरों ने कर्मचारियों के मोबाइल फोन, सरकारी दस्तावेज और अन्य सामान भी छीन लिया। घटना के दौरान निगम की सरकारी गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। मारपीट में घायल कर्मचारियों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

आरोपी को पकड़ा

मामले की जांच के दौरान सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम ने 27 अक्टूबर को गांव सिसोठ निवासी गजराज को गिरफ्तार किया। इसके बाद उसे आगामी कानूनी कार्रवाई के लिए थाना सदर महेंद्रगढ़ पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

रिपोर्ट में चोट का उल्लेख

डीएसपी डॉ. कविता के अनुसार, निगम अधिकारी की शिकायत पर 21 सितंबर को थाना सदर महेंद्रगढ़ में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने घायल कर्मचारी की मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त की, जिसमें तीन चोटों का उल्लेख है। घटना में क्षतिग्रस्त सरकारी वाहन को भी कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

आरोपियों की भूमिका की जांच हो रही : डीएसपी

डीएसपी ने बताया कि मामले में अन्य नामजद आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस घटना से संबंधित साक्ष्यों का संकलन और सत्यापन कर रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वरिष्ठ नागरिक सेवा केंद्र में बांटे कंबल



नारनौल। बुजुर्गों को कंबल व फल वितरित करते अधिवक्ता नरेंद्र सिंह यादव।

- वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र सिंह यादव की अगुवाई में बुजुर्गों का किया सम्मान

नारनौल। शहर में नसीबपुर स्थित सोसायटी फॉर एजुकेशन एंड वेलफेयर एक्टिविटिज (सेवा) की ओर से चलाए जा रहे निशुल्क वरिष्ठ नागरिक सेवा (वृद्ध आश्रम) में वीरवार वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र सिंह यादव (गुवानी वाले) पहुंचे और वहां मौजूद बुजुर्गों को फल एवं कंबल वितरित किया। इस दौरान उनके साथ अधिवक्ता अनिल कुमार भी मौजूद रहे।

वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि सर्दी के इस मौसम में बुजुर्गों को कंबल वितरित करना केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि मानवता, संवेदना और अपनेपन का प्रतीक है। हमारे बुजुर्ग हमारे परिवार, समाज और देश की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने अपने जीवन का लंबा समय परिवार को संवारने, बच्चों का भविष्य बनाने और समाज को बेहतर दिशा देने में लगाया है। आज हमारा भी यह कर्तव्य है कि हम उनके जीवन में सुख, सम्मान और खुशियां लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सर्दी का मौसम हर किसी के लिए एक जैसा नहीं होता। जिनके पास पर्याप्त गर्म कपड़े और सुविधाएं हैं, उनके लिए सर्दी का आनंद लेना आसान है, लेकिन जरूरतमंद और अकेले रहने वाले बुजुर्गों के लिए यही मौसम कई कठिनाइयां लेकर आता है। ऐसे समय में एक कंबल उनके शरीर को गर्माहट देने के साथ-साथ यह एहसास भी कराता है कि समाज उनके साथ खड़ा है।

मेरा मानना है कि सेवा करने के लिए धन से ज्यादा संवेदनशील हृदय की आवश्यकता होती है। यदि हम अपने आसपास किसी जरूरतमंद व्यक्ति को देखते हैं और उसकी मदद के लिए आगे आते हैं, तो यही सच्ची मानवता है। वह सभी युवाओं और सामाजिक संगठनों से कहना चाहते है कि वे अपने बुजुर्गों का सम्मान करें, उनकी जरूरतों को समझें और समय-समय पर उनकी सहायता के लिए आगे आएं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आज जो बुजुर्ग हैं, उन्होंने ही अपने अनुभव, मेहनत और त्याग से हमारे समाज की नींव मजबूत की है।

दीपावली पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

क्षेत्र में दीपावली के त्योहार पर सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए थाना शहर पुलिस ने क्षेत्र के सार्वजनिक व व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालकों को नोटिस जारी किया है। थाना इंचार्ज पंकज कुमार ने कहा कि पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार के दिशा निर्देशन में जन सुरक्षा सुनिश्चित करने और अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 168 के तहत होटल, रेस्तरां, कैफे, सराय, बैंक, पेट्रोल पंप, मैरिज पैलेस, ज्वेलरी शॉप तथा अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के संचालकों को सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा है। उन्होंने बताया कि जान-माल की सुरक्षा, अग्निकांड, शॉर्ट सर्किट, गैस रिसाव और संदिग्ध आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए गए है। पुलिस कर्मचारी सुरक्षा को पुख्ता बनाने में लगे हुए है।

उन्होंने कहा कि सभी प्रतिष्ठान संचालकों को निर्धारित मानकों के अनुसार अग्निशामक यंत्र लगाने, उनकी नियमित जांच करने और



कनीना। थाना इंचार्ज पंकज कुमार।

जहां लागू हो, सक्षम प्राधिकारी से वैध फायर एनओसी उपलब्ध रखे। इसके अलावा वायरिंग व बिजली उपकरणों की नियमित जांच, एलपीजी सिलेंडरों का सुरक्षित भंडारण, आपातकालीन निकास मांगों को हमेशा अवरोधमुक्त रखने तथा कर्मचारियों को आग बुझाने के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। सुरक्षा के लिए प्रतिष्ठानों के मुख्य प्रवेश व निकास द्वार, रिसेप्शन, पार्किंग, कैश काउंटर और गलियारों में उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा गया है। कैमरों की रिकॉर्डिंग कम से कम 30 दिनों तक सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। साथ ही निजता का ध्यान रखते हुए शौचालय व चेंजिंग रूम में कैमरे न लगाने की हिदायत दी गई है। थाना इंचार्ज पंकज कुमार ने स्पष्ट किया कि क्षमता से अधिक भीड़ एकत्रित न होने दें, किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दें और आपातकालीन वाहनों के लिए मार्ग खाली रखें। नियमों की अनदेखी या दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाले संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मंडल प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भाजपा के संगठनात्मक विस्तार और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से निजामपुर मंडल के गोद बलावा स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय शक्ति केंद्र पर मंडल प्रभारी मनीष संघी ने प्रवास किया। इस दौरान जिला आईटी सेल प्रमुख आनंद मेहता व मंडल अध्यक्ष प्रमोद जांगिड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंडल प्रभारी मनीष संघी ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता हैं। शक्ति केंद्रों को मजबूत बनाकर पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने का आह्वान किया। जिला आईटी सेल प्रमुख आनंद मेहता ने कहा कि वर्तमान दौर में तकनीक और सोशल मीडिया संगठनात्मक कार्यों को



प्रभावी बनाने के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए पार्टी की नीतियों, उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा सकती है। उन्होंने आईटी एवं सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन की गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। मंडल अध्यक्ष प्रमोद जांगिड़ ने संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक सक्रिय बनाने तथा कार्यकर्ताओं के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई। इस मौके पर नरेंद्र यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष, काशीराम यादव, डीपी वर्मा, मुंशी बूथ अध्यक्ष, प्रकाशचंद, महावीर सरपंच आदि मौजूद रहे।

वोट बचाओ-देश बचाओ महारैली के लिए कांग्रेस ने झोंकी पूरी ताकत



महेंद्रगढ़। दिल्ली के रामलीला मैदान में आगामी एक नवंबर को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर होने वाली कांग्रेस की 'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली को सफल बनाने के लिए महेंद्रगढ़ में पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) राव दान सिंह के फार्म हाउस पर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें महारैली में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सीपीएस राव दान सिंह ने आरोप लगाया कि हरियाणा में केवल वोट चोरी ही नहीं हुई, बल्कि सरकार भी वोट चोरी के कारण बनी है। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचकर महारैली में भाग लेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों से संपर्क करें और रैली में भागीदारी के लिए उन्हें प्रेरित करें। राव दान सिंह ने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की रक्षा के मुद्दे पर अपना संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने दावा किया कि वोट चोरी के आरोपों को लेकर जनता में असंतोष है और कांग्रेस इस विषय को प्रमुखता से उठाएगी। बैठक में महारैली के प्रचार-प्रसार, कार्यकर्ताओं को संगठित करने और दिल्ली पहुंचने की तैयारियों पर जोर दिया गया।

युवा महोत्सव के लिए 21 कॉलेजों ने कराया पंजीकरण

- सभी कंटिजेंट इंचार्जों को प्रतियोगिताओं से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। बैठक में मौजूद महाविद्यालयों के कंटिजेंट इंचार्ज। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय में 31 अक्टूबर से दो नवंबर तक आयोजित होने वाले इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के जोनल युवा महोत्सव-2026 के सफल आयोजन को लेकर सभी महाविद्यालयों के कंटिजेंट इंचार्जों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विश्वविद्यालय के युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान युवा महोत्सव में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम-क्रम निर्धारित किया गया तथा प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए कोड आवंटित किए गए। इसका उद्देश्य प्रतियोगिताओं का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से करना तथा निर्णयन प्रक्रिया में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। सभी कंटिजेंट इंचार्जों को प्रतियोगिताओं से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

आयोजन सचिव डॉ. नरेश कुमार यादव ने बताया कि 31 अक्टूबर से दो नवंबर तक चलने वाले इस युवा महोत्सव में अब तक जिले के 21 महाविद्यालयों ने भाग लेने के लिए पंजीकरण करवाया है। महोत्सव के दौरान कुल 46 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें विद्यार्थी अपनी सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि युवा महोत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने तथा आपसी समन्वय और रचनात्मकता को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। महाविद्यालय के समन्वयक डॉ. हवासिंह यादव व महाविद्यालय प्रशासन ने शहर तथा आसपास के क्षेत्र के नागरिकों से युवा महोत्सव में शामिल होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की।

समाधान शिविर में आईं शिकायतों का एक बार में करें निपटारा : रणबीर सिंह



महेंद्रगढ़। लघु सचिवालय परिसर स्थित कोर्ट रूम में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में 18 शिकायतें दर्ज की गईं। डीएमसी रणबीर सिंह की अध्यक्षता में हुए शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी गईं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके समयबद्ध एवं स्थायी समाधान के निर्देश दिए गए। एसपी दीपक कुमार ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें सुनीं। डीएमसी रणबीर सिंह ने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे शिकायतों पर स्वयं संज्ञान लें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए एक बार में समाधान सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को एक ही समस्या के लिए बार-बार शिविर में न आना पड़े। उन्होंने कहा कि आमजन विश्वास के साथ अपनी समस्याएं लेकर प्रशासन के पास पहुंचते हैं। ऐसे में छोटी से छोटी शिकायत को भी प्राथमिकता से निपटाया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समाधान शिविर को महज औपचारिकता न समझें, बल्कि इसे जनसेवा का माध्यम मानकर काम करें। प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि वही शिकायत दोबारा सामने न आए। उन्होंने आमजन से भी निर्धारित दिन पर समाधान शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज करवाने की अपील की। इस अवसर पर तहसीलदार अजय कुमार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मनोज कुमार, सहायक रोजगार अधिकारी जितेंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

एनआई एक्ट स्पेशल लोक अदालत 21 नवंबर और राष्ट्रीय लोक अदालत 12 दिसंबर को

नारनौल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की चेयरपर्सन एवं जिला व सत्र न्यायाधीश डॉ. रितु वाईके बहल के दिशानिर्देशानुसार उप-मंडल विधिक सेवा समिति (एसडीएलएससी) महेंद्रगढ़ तथा कनीना में पैनल अधिवक्ताओं की विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने की।

बैठक के दौरान डीएलएसए सचिव नीलम कुमारी ने आगामी 21 नवंबर को आयोजित होने वाली एनआई एक्ट (चेक बाउंस प्रकरणों) से संबंधित स्पेशल लोक अदालत तथा 12 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित पैनल अधिवक्ताओं को निर्देश दिए कि वे आमजन एवं मुकदमों से जुड़े पक्षों को लोक अदालत के माध्यम से विवादों का आपसी सहमति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में निपटारा कराने के लिए प्रेरित करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295154800, 8295738500, 9253681005

पॉलिटेक्निक में लगे शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित

रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यमः संजय बांगड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए। फोटो : हरिभूमि

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में युवा साथी ग्रुप हरियाणा एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। यह संस्था का 90वां रक्तदान शिविर बताया गया। शिविर में संस्थान के विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए कुल 50 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम में जिला जेल अधीक्षक संजय बांगड़ मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल यादव ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में राजकुमार यादव एडवोकेट, डॉ. एसएस यादव, पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा और सुरेंद्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों का आयोजकों की ओर से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि संजय बांगड़ ने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। समय पर रक्त उपलब्ध होने से जरूरतमंद मरीजों को उपचार में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को चिकित्सकीय दिशा-निर्देशों के अनुसार स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना को बढ़ावा देते हैं। प्रधानाचार्य अनिल यादव ने कहा कि शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी विद्यार्थियों को तकनीकी एवं शैक्षणिक शिक्षा देने के साथ-साथ उनमें सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों का विकास करना भी है।

इनका रहा सहयोग

शिविर में समाजसेवी मनोज सेकवाल, इंदु यादव, भूपेंद्र सैनी, पीयूष सैनी, सुदेश यादव, वीरेंद्र यादव, पूर्ण सैनी, रविंद्र शर्मा, गोलू चौहान, प्रदीप यादव, विकास, टीटू तथा श्रीमती हस्ती देवी जनकल्याण समिति का सहयोग रहा। इस अवसर पर संस्थान के स्टाफ सदस्य योगेंद्र सिंह, राजेश सैनी, शिवा खंडेलवाल, अविनाश सिंह यादव, विजय, कपिल देव, विनीत कुमार, संदीप, अंजनी कुमार, सिकंदर सिंह और मनोज कुमार मौजूद रहे। स्टाफ सदस्यों ने शिविर की व्यवस्थाओं और आयोजन से जुड़े कार्यों में सहयोग किया।